दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 08 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 312

## छत्तीसगढ़ में बनेगा देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व

### गुरु घासीदास- तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व के रूप में किया अधिसूचित

**नई दिल्ली | आरएनएस**




छत्तीसगढ़ का गुरुघासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुघासीदास - तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित कर लिया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में टाइगर रिजर्व की संख्या चार हो गई है। गुरु घासीदास नेशनल पार्क को साल 2021 में टाइगर रिजर्व बनाया गया था, लेकिन इसे विरोध के कारण अस्तित्व में नहीं लाया जा सका था। इस क्षेत्र में कई खदानें होने कारण नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित करने का नोटिफिकेशन कांग्रेस शासन काल में रुका हुआ था। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार ने ही गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला सेंचुरी को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाने का ड्राफ्ट राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को भेजा था। जिसके बाद एनटीसीए ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व के रूप में मंजूरी दी। लेकिन कांग्रेस शासन में रिजर्व एरिया के कोल ब्लॉक, आइल ब्लॉक और मिथेन गैस ब्लॉक होने के कारण मामला अटक गया था। अब जब राज्य में पुन: भाजपा सरकार की वापसी हुई तो टाइगर रिजर्व बनने का रास्ता साफ हो गया।

छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक में गुरुघासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है एवं इसे टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित कर लिया है। इस टाइगर रिज़र्व के गठन से बाघों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि यह क्षेत्र उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। मौजूदा आंकड़ों के आधार पर, बाघों की संख्या में सुधार के लिए यह कदम आवश्यक था। नया टाइगर रिज़र्व बाघों के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करेगा और उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देगा।टाइगर रिज़र्व के गठन से ईको-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। गाईड, पर्यटक वाहन संचालन, और रिसॉर्ट्स के संचालन के साथ-साथ अन्य पर्यटन संबंधित सेवाओं से स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होगा। राष्ट्रीय प्रोजेक्ट टाइगर ऑथोरिटी से अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा, जो क्षेत्र के विकास और आजीविका सुधार के लिए उपयोगी होगा।

गुरुघासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व 2829.387 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैला देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। आंध्रप्रदेश का नागार्जुनसागर श्रीसैलम टाइगर रिजर्व 3296.31 वर्ग किमी के साथ देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। वहीं, असम का मानस टाइगर रिजर्व 2837.1 वर्ग किमी क्षेत्रफल के साथ देश दूसरा बड़ा टाइगर रिजर्व माना जाता है।

## बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले फर्जी आंसरशीट बरामद, 7 लोगों से पूछताछ

**खगड़िया | आरएनएस**



बिहार में बुधवार को 21 हजार सिपाहियों की भर्ती को लेकर पहले चरण की लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। इसमें करीब 2.90 लाख परिक्षार्थियों को शामिल होना है जिसके लिए प्रदेश भर में 545 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इससे पहले खगडिय़ा में फर्जी आंसरशीट बरामद की गई है। इस मामले में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि परबत्ता क्षेत्र के एक विवाह भवन में करीब 90 परीक्षार्थी एकत्र हुए, जिन्हें फर्जी आंसर शीट दिए गए।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन सभी की जांच की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसमें खगडिय़ा के बाहर के कई बच्चे भी शामिल हैं जिनका परीक्षा केंद्र खगडिय़ा में है। इसके नाम पर एक छात्र से पैसे वसूली की भी बात सामने आई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक स्थान पर करीब 90 छात्र जमा हुए थे। उनमें अलग-अलग जिलों के परीक्षार्थी शामिल हैं। फिलहाल 7 लोगों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र लीक जैसी कोई बात नहीं है। परीक्षार्थी से रुपये ठगने के लिए उनको नकली आंसर शीट दिया गया था। परबता थाना की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। इस परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में सीसीटीवी लगाए गए हैं। परीक्षा 12 बजे से शुरू होने वाली है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारतीय उच्चायोग के 190 कर्मचारियों की हुई वतन वापसी, एयर इंडिया की फ्लाइट से पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद अंतरिम सरकार के गठन की तैयारियां चल रही हैं। इस बीच बुधवार सुबह एयर इंडिया का एक विमान 199 लोगों को लेकर दिल्ली पहुंच गया। दरअसल, एयर इंडिया ने मंगलवार देर रात ढाका एयर पोर्ट पर बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बावजूद अल्प सूचना पर एक विशेष चार्टर उड़ान संचालित की। इस विमान से 199 लोग भारत लौटे हैं, जिनमें 6 नवजात भी शामिल हैं। वहीं, शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने देश छोडऩे के बाद खालिदा जिया को जेल से रिहा करने का आदेश दिया गया। इसके बाद अब उनका बेटा भी वतन वापसी कर रहा हैय़. बताया जा रहा है तारिक कई साल से लंदन में रह रहे थे, लेकिन शेख हसीना के देश छोडऩे के बाद वह वापस बांग्लादेश पहुंच रहे हैं। वह आज शाम ढाका में होने वाली एक रैली में शामिल होंगे।

### कैंब्रिज स्कूल की एक बस और प्रिंस बस के बीच टक्कर, बच्चे, कंडेक्टर और केयरटेकर घायल

**कपूरथला (आरएनएस)।** कपूरथला में सुभानपुर रोड पर गांव बूट के नजदीक बुधवार सुबह कैंब्रिज स्कूल की एक बस तथा प्रिंस बस के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बच्चों को मामूली चोटे आई हैं जबकि स्कूल बस के कंडेक्टर और केयरटेकर महिला घायाल हुई है। इसकी पुष्टि बादशाहपुर चौंकी पुलिस कर्मी मनप्रीत सिंह ने करते हुए बताया कि प्रिंस बस ड्राइवर मनजीत सिंह को राउंडअप कर लिया है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों द्वारा स्कूल बस की घायल केयरटेकर महिला तथा कंडक्टर सुभानपुर के स्त्ररु अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। हादसे के बाद स्कूल बस ड्राइवर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कैंब्रिज स्कूल की एक बस (2453 ) तथा प्रिंस बस ( 0717 ) के बीच गांव बूट के नजदीक आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों बसे सडक़ किनारे लगे पेड़ों से टकरा गई। इस हादसे में स्कूली बच्चों को मामूली चोटे आई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मोके पर पहुंची बादशाहपुर चौकी पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी मंजीत सिंह के अनुसार स्कूल बस की केयरटेकर महिला तथा कंडक्टर घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्त्ररु अस्पताल सुभानपुर में भर्ती करवाया गया है। वहीं दूसरी तरफ प्रिंस बस का ड्राइवर मंजीत सिंह को राउंड अप कर लिया है। फ़िलहाल कुछ स्कूली बच्चे मामूली घायल हुए हैं।

### राज्यसभा की 12 सीटों के लिए अधिसूचना जारी, तीन सितंबर को होंगे चुनाव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 12 रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तीन सितंबर को चुनाव कराए जाएंगे। राज्यसभा की 12 सीटों पर तीन सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। नामांकन पत्रों की जांच 21 अगस्त को होगी, नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 26 और 27 अगस्त है। बता दें कि 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार, राज्यसभा सदस्यों के चुनाव के लिए 14 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त रखी गई है, 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद अगर कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह 27 अगस्त तक ले सकता है। 3 सितंबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग कराई जाएगी और फिर उसी दिन शाम 5 बजे चुनाव के नतीजे जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि असम महाराष्ट्र और बिहार की दो सीटों पर और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना, ओडिशा में एक-एक सीट पर राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान हरियाणा, असम और ओडिशा में भाजपा उम्मीदवार के जीतने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, इन राज्यों में भाजपा की सरकार है और पार्टी के पक्ष में ज्यादा संख्या बल है।

## पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली मनु भाकर लौटीं भारत, ढोल-नगाड़ों के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

**नई दिल्ली | आरएनएस**

भारत की डबल मेडल विजेता निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद आज वापस स्वदेश लौटी। वह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आई जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। टर्मिनल 3 के वीआईपी गेट से बाहर निकलने के बाद उनका जोरदार स्वागत हुआ, इस दौरान उनके कोच जसपाल राणा भी नजर आए। दोनों की फूल मालाओं में फैन्स ने लाद दिया।

इस दौरान मनु के स्वागत में जमकर लोगों ने नारेबाजी की। ढोल की थाप पर जमकर लोग जश्न मनाते हुए भी नजर आए। मनु ने इस दौरान पेरिस ओलंपिक में जीते गए दोनों ब्रॉन्ज मेडल भी मीडिया को दिखाए। रविवार को ओलंपिक खेलों की क्लोजिंग सेरेमनी में भाग लेने के लिए इसी सप्ताह पेरिस लौट जाएंगी। मनु भाकर पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन समारोह के दौरान भारत की ध्वजवाहक होंगी। 22 वर्षीय मनु ने



ओलंपिक निशानेबाजी में दो कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।

मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को पेरिस में पहला मेडल दिलाया था। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वह तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय बनकर इतिहास रचने की कगार पर थीं, लेकिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में वह मामूली अंतर से चूक गईं थीं।

## छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर सीबीआई की छापेमारी, कांग्रेस नेता और राज्यपाल के पूर्व सचिव के बंगले पर भी रेड

**नई दिल्ली | आरएनएस**



सीजीपीएससी घोटाले में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई और धमतरी में सीबीआई की रेड कर रही है। बिलासपुर में कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के घर पर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाले की जांच के सिलसिले में की गई है।

बुधवार सुबह सीबीआई की 8 सदस्यीय टीम यदुनंदन नगर स्थित राजेंद्र शुक्ला के पुराने आवास पर पहुंची थी। यहां सीबीआई की टीम को जानकारी मिली कि राजेन्द्र शुक्ला अपने नए निवास नए बस स्टैंड अभिलाषा परिसर के सामने रहने लगे हैं। टीम ने नए घर पर छापेमारी की और राजेंद्र शुक्ल सहित तीन लोगों को कमरे में बंद कर दिया। उन्हें घर से बाहर नहीं आने दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी घोटाले में राजेंद्र शुक्ल के बेटे स्वर्णिम शुक्ला का नाम सामने आया था। स्वर्णिम शुक्ला वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के पद पर काम कर रहे हैं। मामले की जांच के दौरान सीबीआई ने स्वर्णिम के नाम को लेकर भी सवाल किए हैं। इस मामले में नेताओं और अधिकारियों के रिश्तेदारों की भर्ती करने का आरोप है। राज्य सरकार ने इस गंभीर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है।

वहीं, भिलाई में राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलको के बंगले पर सीबीआई छापेमारी कर रही है। खलको राज्यपाल के सचिव के रुप में लंबे समय तक पदस्थ रहें हैं। वह लंबे समय तक दुर्ग जिले में अतिरिक्त जिला अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। रिटायरमेंट के बाद 9 महीने तक संविदा में भी रहें। बीजेपी सरकार आते ही खलको को हटाया गया, क्योंकि नाम स्कैम में सामने आ गया था। खलको के बेटे और बेटी का डिप्टी कलेक्टर के रूप में चयन हुआ था।

## वायनाड भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 413 पहुंची, 152 लापता लोगों की तलाश जारी

**वायनाड | आरएनएस**



केरल के वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 413 पहुंच गई है। 152 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बचाव अभियान नौवें दिन भी जारी है।

रक्षा बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और स्वयंसेवकों के कर्मियों वाली 1,000 से अधिक सदस्यीय बचाव टीम ने बुधवार सुबह चार सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडक्कई और पुंचिरिमाडोम में तलाशी अभियान शुरू किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि जब तक रक्षा बल कोई फैसला नहीं ले लेते, तलाशी अभियान जारी रहेगा। वर्तमान में सर्च अभियान अब उन क्षेत्रों में चल रहा है जहां लोग रहते थे और 30 जुलाई को सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा आने के बाद फंसे हुए थे। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को बताया था कि वायनाड जिले के चार गांवों में हुई त्रासदी के बाद मलप्पुरम जिले में स्थित नीलांबुर और उसके आसपास के इलाकों में चलियार नदी से 76 शव और शरीर के कई अंग बरामद किए गए हैं।

बुधवार को भी बचाव टीम चलियार नदी में सर्च अभियान चला रही है। प्रभावित क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 100 से अधिक राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां वर्तमान में 10,300 से अधिक लोग रह रहे हैं।

कुछ दिन पहले तक कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं था। सारा ध्यान बचाव, राहत और पुनर्वास पर था। लेकिन, अब सीएम विजयन पर निशाना साधते हुए वाकयुद्ध शुरू हो गया है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे मानव निर्मित आपदा करार दिया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने मांग की है कि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में आने वाले पैसे का उचित उपयोग किया जाना चाहिए। देश के सबसे लंबे समय तक रक्षा मंत्री रहे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी ने आपदा के बाद पुनर्वास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने और राजनीतिक लाभ उठाने में शामिल न होने का आह्वान किया है।

## दर्दनाक हादसा : कंटेनर ने बाइक सवार परिवार को कुचला, 5 की मौके पर ही मौत-1 घायल

**जयपुर | आरएनएस**



राजस्थान में चित्तौडग़ढ़-निंबाहेड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावलीय के पास बीती देर रात एक कंटेनर ने एक बाइक सवार परिवार को रौंद दिया, जिससे दंपत्ति सहित 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक मासूम बच्ची घायल हो गई है।

घटना की सूचना मिलने पर चित्तौडग़ढ़ के सदर थानाधिकारी संजय शर्मा मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एंबुलेंस को भी बुलाया गया। बाइक सवार एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने कंटेनर की तलाश के लिए नाकाबंदी करवा दी है। बता दें कि बाइक पर एक दंपत्ति, 2 युवक, एक बालिका और एक साल का मासूम बच्चा सवार था। ये सभी लोग निंबाहेड़ा की तरफ जा रहे थे, तभी भावलिया के पास ये दर्दनाक हादसा हो गया।

पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल बालिका को इलाज के लिए निंबाहेड़ा अस्पताल पहुंचाया है। हादसे की सूचना पर एसडीएम विकास पंचोली जिला अस्पताल पहुंचे। वहीं तहसीलदार गोपाल जीनगर भी मौके पर पहुंचे। शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। एक मृतक की पहचान सुरेश निवासी केसर पुरा थाना शंभूपुरा के रूप में हुई है। फिलहाल सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।

## वाराणसी में बढ़ रहा गंगा नदी का जलस्तर, बदला गया आरती का स्थल

**वाराणसी | आरएनएस**



धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। इसके कारण गंगा आरती के स्थल में परिवर्तन किया गया है।वाराणसी में बाढ़ के कारण गंगा नदी के जल स्तर में बढ़ोतरी देखी गई। वाराणसी के घाटों पर कई दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। प्रशासन द्वारा गंगा आरती का स्थान बदल दिया गया है।

बाढ़ के कहर के कारण घाट पर होने वाली दैनिक संध्या आरती प्रभावित हो रही है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए गंगा आरती के स्थान को पांचवी बार बदला गया। हालत यह है कि विश्व प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट पर होने वाली आरती को छत पर कराया जा रहा है।

गंगा सेवा निधि की ओर से सुशांत मिश्रा ने बताया, प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी मां गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। पानी काफी ऊपर आ गया है। घाट पर स्थान काफी सीमित हो गया, जगह छोटी पड़ रही थी, लेकिन भीड़ काफी हो रही थी। इसलिए मां गंगा की आरती गंगा सेवा निधि कार्यालय की छत पर कराने का निर्णय लिया गया है।

## बंगलादेश के चार सौ पुलिस स्टेशनों में तोडफ़ोड़, 50 पुलिसकर्मियों को सरेआम दी मौत

**ढाका**



अशांत चल रहे बगलादेश में सत्ता परिवर्तन के कारण कानून प्रवर्तन और पुलिस व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गयी है। पिछले दो दिनों में हिंसक भीड़ ने लगभग 400 पुलिस स्टेशनों पर हमला किया है और कम से कम 50 कानून लागू करने वालों की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्टों में बुधवार को यह बात कही गई है।

देश में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अधिकांश पुलिसकर्मी सुरक्षित स्थानों पर शरण ले चुके है। जिसके चलते देश के कई पुलिस स्टेशनों में एक भी पुलिसकर्मी नहीं है। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार पिछली अवामी लीग सरकार के करीबी माने जाने वाले अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी भूमिगत हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक लगभग 400 पुलिस स्टेशनों को हिंसक भीड़ के हमलों का सामना करना पड़ा। जिसमें हथियार और गोला-बारूद लूट लिया गया और इमारतों में आग लगा दी गई। मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि पुलिस स्टेशनों पर हमले बीती दोपहर से रात तक बड्डा, जात्राबारी, वतारा, अबाडोर, मीरपुर, उत्तर पूर्व, मुहम्मदपुर, शाह अली और पलटन सहित विभिन्न पुलिस स्टेशनों पर शुरू हुए।

कई स्थानों पर सुरक्षा बलों और हिंसक भीड़ के बीच टकराव हुआ जिससे कई पुलिस स्टेशन तबाह हो गए। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियां, पंखे, मेज और अन्य सामान चुरा लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'कोई भी अपने पुलिस स्टेशनों और कार्यालयों में सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है क्योंकि सोमवार को शुरू हुए हिंसक विरोध और सार्वजनिक आक्रोश में पचास से अधिक पुलिस कर्मियों की जान चली गई।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण हताहतों की सटीक संख्या अनिश्चित बनी हुई है। ढाका के बाहर स्थित एक पुलिस अधीक्षक ने कहा कि व्यापक विनाश के कारण इसे पुन: स्थापित करने में समय लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि 1971 के बाद हमें कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने पुलिस के राजनीतिकरण और उन्हें स्वतंत्र रूप से कानून-व्यवस्था लागू करने के अपने कर्तव्य को निभाने से रोकने पर असंतोष व्यक्त किया।